खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का डीडी स्पोर्ट्स पर सीधा प्रसारण

Posted On: 23 APR 2022 11:30AM by PIB Delhi

भारत, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 का इंतजार कर रहा है। ऐसे में खेल में रुचि रखने वाले लोगों के लिए यह अच्छी खबर है कि डीडी स्पोर्ट्स 24 अप्रैल, 2022 से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को सभी टीवी और मोबाइल पर लाइव दिखाएगा।

भारत में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए खेलो इंडिया गेम्स के हिस्से के रूप में 2020 में शुरू किया गया, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का दूसरा आयोजन 24 अप्रैल से 3 मई, 2022 तक किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन समारोह 24 अप्रैल को होगा और समापन समारोह 3 मई को होगा।

भारत में विभिन्न खेलों के लिए एक सशक्त बुनियादी सुविधा तैयार करने के उद्देश्य से, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स एक राष्ट्रीय स्तर का अनेक खेलों वाला वार्षिक आयोजन है, जिसमें देश भर के विभिन्न खेल क्षेत्रों के एथलीट विभिन्न खेल आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। यह देश में सबसे बड़ी विश्वविद्यालय स्तर की खेल प्रतियोगिता है जिसका उद्देश्य ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के एथलीटों की पहचान करना और उन्हें प्रशिक्षित करना है।

भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से, डीडी स्पोर्ट्स ने इस आयोजन में विभिन्न खेलों के व्यापक कवरेज के लिए विस्तृत व्यवस्था की है, जिसमें 175 से अधिक विश्वविद्यालयों के 3800 से अधिक एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है। एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, तैराकी, बास्केटबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, कबड्डी, कराटे और योगासन का डीडी स्पोर्ट्स पर सीधा प्रसारण किया जाएगा, जबकि जूडो, टेनिस, मल्लखंभ, तीरंदाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, हॉकी, शूटिंग और बॉक्सिंग का रिकॉर्ड किए गए प्रारूप में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस आयोजन में 20 खेल शामिल किए जा रहे हैं, जबकि इसके पहले वाले आयोजन में 18 खेल शामिल किए गए थे। इस आयोजन में पहली बार दो स्वदेशी विषयों - योगासन और मल्लखंभ को पहली बार शामिल किया गया है।

टीवी प्रसारण के अलावा, दर्शकों के लिए कई खेलों के सीधा प्रसारण के लिए, डीडी स्पोर्ट्स की 4 लाइव स्ट्रीम प्रसार भारती स्पोर्ट्स यूट्यूब चैनल पर एक साथ उपलब्ध होंगी। अंग्रेजी और हिंदी कमेंट्री और आकर्षक ग्राफिक्स के साथ प्रसारण किया जाएगा।

खेलों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक लाइव/आस्थगित लाइव आधार पर किया जाएगा। इसके बाद आधे घंटे के हाइलाइट्स/सांख्यिकी आधारित शो और युवा प्रतिभाओं पर एक और आधे घंटे का शो होगा।

दैनिक हाइलाइट्स और महत्वपूर्ण कार्यक्रम दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर भी उपलब्ध होंगे। डीडी स्पोर्ट्स और डीडी नेशनल पर उद्घाटन और समापन समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 में प्रतिदिन की ताजा जानकारी को लेकर सभी अपडेट के लिए डीडी स्पोर्ट्स (@ddsportschannel) और ऑल इंडिया रेडियो स्पोर्ट्स (@akashvanisports) के ट्विटर हैंडल से जुड़े रहें।

ऊपर बताए गए प्रसार भारती स्पोर्ट्स यूट्यूब चैनल पर 4 लाइव-स्ट्रीम देखने के लिए, नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

*****

एमजी/ एएम/ एसकेएस

(Release ID: 1819236) Visitor Counter : 74

Read this release in: English , Urdu , Manipuri , Tamil